Subject - Sociology
Topic - Community
Study Material for - MDC, SEMESTER-I

समुदाय की अवधारणा
Concept of Community

समुदाय एक ऐसा समूह है जिसके सदस्य अपने जीवन की आधारभूत परिस्थितियों को साझा करते हुए एक साथ निवास करते हैं।

समुदाय को मनुष्यों के सबसे समावेशी समूह के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहां व्यक्ति अपने जीवन को सम्पूर्णता के साथ व्यतीत कर सकता है। उदाहरण के लिए, जनजाति, ग्राम, नगर, राष्ट्र आदि। जबकि व्यापारिक संगठनों आदि

में ऐसा संभव नहीं है यहां व्यक्ति के जीवन का एक विशेष पक्ष ही व्यतीत हो सकता है।

वर्तमान में, राष्ट्र व संभवतः विश्व जैसे वृहत् समुदायों के निर्माण के दौर में, पड़ोस, ग्राम आदि जैसे लघु समुदायों की विशेषताओं में कुछ परिवर्तन हुए हैं। लेकिन, व्यक्ति के जीवन के लिए दोनों आवश्यक हैं। जहां राष्ट्र व मेट्रोपोलिस जैसे वृहत् समुदाय व्यक्ति को अवसर, स्थायित्व, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था आदि उपलब्ध कराते हैं वहीं पड़ोस व ग्राम जैसे लघु समुदाय व्यक्ति को अधिक निकटता व आत्मिक संतुष्टि उपलब्ध कराते हैं।

समुदाय निर्माण के आधार –

1. स्थानीयता या निश्चित भौगोलिक क्षेत्र
2. सामुदायिक भावना